हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 29 मार्च 2025




15 आॅल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने...





16 152 डी पर हुए दर्दनाक हादसे में दो की मौत


एस. डी. ग्रुप बच्चों के 360° व्यू पर काम करता है।

NEET - 2024
Classroom Students



Prachi
D/o Sh. Mukesh Kumar
(Kanina)

AIR 4
CAT. (EWS)

715/720 AIIMS 710/720



Ronak Yadav
D/o Sh. Rajpal Singh Yadav
(Kakrala)



SD GROUP OF INSTITUTIONS LWS

SDians ने NDA
में भी रच दिया इतिहास...

ISHIKA
D/o Sh. Vikram Singh
(KOTIA)

SSB QUALIFIED

KASHISH YADAV
D/o Sh. Sanjay Kumar
(RAMBASS)



Roll No. 6346899

भारतीय सेना में अफसर बनने का सपना SD व LWS के साथ हुआ आसान...

Selected in JEE Adv.

ANUSHPA D/o Sh. Jaibhagwan – IIT DELHI
NITU SHERAWAT D/o Sh. Vikram Singh – IIIT ALLAHABAD
BHARAT S/o Sh. Karmvir – IISER PUNE
ANKIT YADAV S/o Sh. Hanuman – NIT HAMIPUR
DEEPIKA D/o Sh. Ramavtar – IIT BANARAS
MOHIT S/o Sh. Ravinder Kumar – NIT ARUNACHAL PRADESH
PARAMJEET S/o Sh. Naresh Kumar – IIIT BHOPAL
PRINCE S/o Sh. Rampal – IIT INDORE
RITIK YADAV S/o Sh. Hanuman – BITS PILANI

CA Foundation

KHUSHI GUPTA D/o Sh. Rajender Prasad Gupta Roll. No. 456133
HIMANSHI D/o Sh. Dinesh Kumar Roll. No. 958067
SOURBH S/o Sh. Dharmbir Roll. No. 695581
DHEERAJ S/o Sh. Surender Singh Roll. No. 465381
YATIN AGGARWAL S/o Sh. Bishan Dayal Roll. No. 958017

CS CSEET


PRIYA D/o Sh. Dharmbir Roll. No. 250246464
MUSKAN D/o Sh. Sanjay Kumar Roll. No. 224294513

AC & NON AC HOSTEL FACILITY is Available For BOYS & GIRLS

उचित फीस में उत्तम शिक्षा

उनके लिए है... जिनको लगता है अपने सपनों को साकार करना है...
SD CAREER INSTITUTE
SCHOOL + COACHING + HOSTEL
Near Girls PG College, Opp. Civil Court, Mahendergarh
9996715609, 9996691606, 7027242222

NEET | NDA
JEE | CUET
Foundation | Pre-Foundation



शिक्षा के क्षेत्र में उदीयमान...
SD GROUP OF INSTITUTIONS

सर्वांगीण विकास का केन्द्र है आपका एस. डी. ग्रुप

Invitation
The Management, Teachers & Students of
SD Group of Educational Institutions
Invite You
to a Very Special Occasion of
Innovation & excellence
MONDAY March 31st 2025
TIMING : 9.30 AM To 1.30 PM



Do not just give dreams. Let your child have the opportunity of realizing the same.



5th Mile Stone, Kanina-Kapoori Road, KAKRALA, Distt.-M/Garh (Hr.)
Ph. 8607757970 | 7056791004
sdschool2007@gmail.com
www.sdskakrala.edu.in

## खबर संक्षेप



नारनौल। बैठक में भाग लेते शिक्षक।

### नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों की बैठक

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राथमिक शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष सामरिया ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य एक अप्रैल को सभी सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाने व छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित करना था।



### अंबेडकर का जन्मोत्सव समारोह 14 अप्रैल को

**नारनौल।** हरियाणा अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वीरवार देर सायं अंबेडकर भवन मालवीय नगर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान राजपाल गोरा ने की। महासचिव रामकिशन मरोड़िया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय पर भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव समारोह 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बाबत उपस्थित सदस्यों की विभिन्न कार्यों के लिए ड्यूटी भी लगाई गई।

### फ्रॉड के खिलाफ 1930 पर दर्ज कराएं शिकायत

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम अनिल कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में इंटरनेट बैंकिंग, आनलाइन शॉपिंग और डिजिटल भुगतान का चलन तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए आमजन से आग्रह किया कि वे ऐसे मामलों की तुरंत सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जॉब मेला दो को

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दो अप्रैल को जॉब मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें निप्पोन स्टील पाइप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नीमराना की कंपनी की ओर से विभिन्न ट्रेड के छात्रों का ट्रेनी ऑपरेटर के तौर पर चयन किया जाएगा।

### नव संवत्सर पर वरिष्ठ नागरिक करेंगे हवन

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में संगठन की ओर से नव संवत्सर 2082 जो चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 30 मार्च को है, के अवसर पर सुख, शांति और स्मृद्धि के लिए सुबह 9 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रधान ने बताया कि हमारे हिंदू व सनातन धर्म की ओर से यह वर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है। इस अवसर पर फसलें पक जाती हैं और नई फसल घर आने पर बैसाखी का त्योहार मनाया जाता है।

# शहीदों के सम्मान में एक भव्य स्मारक की आवश्यकता है, इस पर राजनीति की नहीं: डा. अभय यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पिछले कुछ दिनों से चल रही नसीबपुर के स्वतंत्रता संग्राम में अमर शहीद राव तुलाराम के नेतृत्व में शहीद हुए कई हजार शहीदों की याद में स्मारक बनाने को लेकर छिड़ी राजनीतिक बहस पर अपना मत व्यक्त करते हुए नांगल चौधरी के पूर्व विधायक एवं पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि शहीदों के सम्मान में एक सुंदर शहीद स्मारक बनाने के लिए व्यर्थ के वाद विवाद में फंसने की बजाय स्मारक बनाने की कार्रवाई को गति देना सरकार व जनप्रतिनिधियों दोनों की ही जिम्मेवारी है।

उन्होंने कहा कि 1857 में नसीबपुर के मैदान में एक अद्भुत इतिहास लिखा गया था। जिसकी याद मात्र पूरे राष्ट्र को सदैव रोमांचित एवं प्रेरित करती रहेगी। शहीदों का सम्मान करना एक राष्ट्रीय जिम्मेवारी है, क्योंकि शहीद इस पूरे राष्ट्र की धरोहर हैं। उन्हें किसी परिवार, जाति, धर्म या क्षेत्र विशेष से जोड़ना शहीदों के सम्मान की बात नहीं है, लेकिन 2016 में



तत्कालीन मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणा को अब तक लागू न कर पाना हम सभी की असफलता है कि पिछले 10 साल में सरकार में रहते हुए भी हम इसका निर्माण नहीं करवा पाए। इसलिए हमें दूसरों को कोसने की बजाय अपने आपमें ही आत्म चिंतन की आवश्यकता है। यादव ने कहा कि उचित यह होगा कि हम इस व्यर्थ के आरोप प्रत्यारोप से बाहर निकलकर एक सुंदर स्मारक बनाने की योजना बनाएं। उन्होंने इस पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद स्मारक एक बहु आयामी कंप्लेक्स के रूप में विकसित किया जाए। जिसमें भव्य स्मारक के साथ ही एक सुंदर पार्क, थियेटर (रंगशाला), एक इनडोर स्टेडियम,

#### सरकार के पास स्थानीय विधायक के माध्यम से भिजवाएं प्रस्ताव

यादव ने कहा कि नगर परिषद नारनौल इसके लिए भूमि उपलब्ध करवाकर सभी सुविधाओं से युक्त एक विस्तृत प्रस्ताव स्थानीय विधायक के माध्यम से सरकार को तुरंत भिजवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारों के पास कभी ऐसे कामों के लिए बजट का अभाव नहीं होता, केवल इन कामों को करने के लिए एक प्रबल इच्छा शक्ति की आवश्यकता होती है, फिर कभी यह काम अधूरे नहीं रह सकते। केवल हमें इनको सिरे चढ़ाने के लिए भी जुनून के स्तर की गंभीरता दिखानी होगी।

स्विमिंग पूल एवं लाइब्रेरी आदि की ऐसी सुविधाएं इसके साथ विकसित की जाएं कि क्षेत्र और शहर का हर नागरिक इस स्मृति से लगातार जुड़ा रहे। रंगशाला में न केवल देश भक्ति के आयोजन होते रहे।

### विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित

# सरकार नागरिकों को अत्याधुनिक मशीनों से जांच व बेहतर इलाज दे रही: एडीसी

- एडीसी ने ग्राम पंचायतों व चिकित्सकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य को टीबी मुक्त बनाने के लिए सरकार नागरिकों को अत्याधुनिक मशीनों से जांच व बेहतर इलाज की सुविधा दे रही है। जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को तय समय से पहले पूरा करने को प्रतिबद्ध है। एडीसी शुक्रवार को विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने जिला महेंद्रगढ़ की 128 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया। इनमें से सात पंचायतें पिछले वर्ष टीबी



नारनौल। टीबी मुक्त बनाने पर ग्राम पंचायतों को सम्मानित करते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा। फोटो : हरिभूमि

मुक्त घोषित की गई थी। एडीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत प्रत्येक टीबी मरीज को एक हजार रुपये प्रतिमाह दे रही है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि नागरिक निक्षय मित्र बनें । निक्षय मित्र किसी भी टीबी के मरीज को गोद लेकर उसका ईलाज होने तक निक्षय पोषण किट प्रति माह देता है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप सिविल सर्जन टीबी डा. नवीन कुमार ने बताया कि विश्व में सबसे अधिक टीबी के मरीज भारत में है। पूरे विश्व में के टीबी मरीजों में से 21 प्रतिशत टीबी मरीज भारत में है। हर दो मिनट में एक टीबी मरीज की मौत हो जाती है। हर रोज 5000 टीबी के नये मरीज बनते है। यदि टीबी का मरीज ईलाज नहीं करवाता है, तो वह हर साल 15 से 20 नए मरीज बना देता है। ऐसे में टीबी का पूरा इलाज बहुत जरूरी है। अधूरे ईलाज या बार बार ईलाज छोड़ने से बिगड़ी टीबी हो जाती है। जिसका ईलाज ज्यादा समय का होता है। इसमें ठीक होने की संभावना कम हो जाती है। इस मौके पर डा. धर्मेश सैनी प्रवर चिकित्सा अधिकारी नांगल चौधरी, डा. बाबूलाल प्रवर चिकित्सा अधिकारी नागरिक अस्पताल महेन्द्रगढ़, डा. विजय यादव प्रवर चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अटेली, डा. विक्रम प्रवर चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतनाली आदि मौजूद थे।

#### टीबी मरीज की सूचना न देने पर होगा जुर्माना

सिविल सर्जन डा. अशोक ने बताया कि भारत सरकार ने प्रत्येक टीबी मरीज की सूचना देना अनिवार्य कर दिया है। जिसके द्वारा सरकारी, गैर चिकित्सकों व औषाधारकों को टीबी के मरीज की सूचना टीबी नोडल अधिकारी को देना अनिवार्य है। इसके उल्लंघन पर जुर्माना व कारावास भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीज को सरकार द्वारा 1000 रुपये हर माह पोषाहार के लिए दिय जा रहे हैं। बिगड़ी हुई टीबी के मरीज के ईलाज पर से दो लाख का खर्चा होता है। सरकार यह मुफ्त में कर रही है। टीबी मरीज के इलाज देने के लिए आशा वर्कर या वालिटियर डॉट्स प्रोवाईडर को भी 1000 रुपये से 5000 रुपये तक मेहनताना देने का प्रावधान है। टीबी मरीज की सूचना देने पर भी 500 रुपये देने का प्रावधान है।

#### जिले में 10 माइक्रोस्कोपी सेंटर पर होती है बलगम की जांच

सिविल सर्जन ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में हर प्रकार की टीबी की जांच व ईलाज की सुविधा है। जिला महेन्द्रगढ़ में 10 माइक्रोस्कोपी सेंटर हैं। यहां पर बलगम की जांच की जाती है। जिला क्षयरोग केन्द्र पर सीबीनेट मशीन से बिगडी हुई टीबी की जांच करके मात्र दो घण्टे में उसकी रिपोर्ट प्राप्त हो जाती है।



महेंद्रगढ़। बैठक में भाग लेते क्षेत्र के लोग। फोटो : हरिभूमि

## आईआईटी के लिए महेंद्रगढ़ सबसे उपयुक्त कल करेंगे आगामी रणनीति तय

- गांव-गांव जाकर लोगों को किया जाएगा जागरूक, 30 मार्च को पाली गांव में आयोजित होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गांव पाली-खुडाना में आईआईटी बनाने की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यादव महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट अभयराम ने की। बैठक में गांव पाली-खुडाना में आईआईटी खुलवाने की मांग को लेकर रणनीति बनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में आईआईटी खोलने का महेंद्रगढ़ सबसे उपयुक्त स्थान है।

गांव खुड़ाना व पाली के पास आईआईटी के लिए जगह देने के लिए पर्याप्त भूमि है। इसके अलावा दोनों गांव नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे 148 बी पर लगते है। यह मार्ग प्रदेश के 16 जिलों को जोड़ता है। दादरी, भिवानी, रोहतक, झज्जर, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, पानीपत, सोनीपत व कैथल शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी गांव खुडाना से महज 12 किलोमीटर दूर है। जिससे लोग आसानी से राजधानी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में आवागमन कर सकते है। इसके अलावा महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से भी लोग रेवाड़ी व दिल्ली होकर देश के किसी भी हिस्से में जा सकते है। बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव पाली-खुडाना के नेतृत्व में जिला भर में एक अभियान चलाया जाए। इस दौरान सभी गांवों के प्रतिनिधियों को अभियान से जोड़कर लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक आगामी रणनीति तय करने के लिए 30 मार्च रविवार को गांव पाली में एक मीटिंग करने का निर्णय लिया गया।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पूर्णप्रभा के नेतृत्व में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. पूर्णप्रभा ने स्वयंसेवकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम है, क्योंकि वही देश का भविष्य हैं। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्य गीत एवं योगा अभ्यास से की गई। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. सतीश सैनी ने एनएसएस की विभिन्न उद्देश्यों के बारे में बताया और कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। इसके उपरांत एनएसएस अधिकारी डॉ. पलक एनएसएस के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। उन्होंने बताया कि एनएसएस युवाओं को सामुदायिक कार्यक्रमों से जोड़ता है और एक जिम्मेदार इंसान बनाता है। स्वयंसेवकों ने एनएसएस अधिकारी डॉ. जयपाल की देखरेख में



नारनौल। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डा.

महाविद्यालय परिसर एवं शहर के मुख्य पार्कों में स्वच्छता अभियान चलाया और श्रमदान किया। संध्या सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा गीत, भजन और शोलो डांस व ग्रुप डांस आदि विधाओं में शानदार प्रस्तुति दी। उपप्राचार्य डॉ. जेएस मोर ने भी अपने विचार रखे।

### बुजुर्गों को वितरित किए कत्रिम अंग

**नांगल चौधरी।** धौलेड़ा में एलिमेको कंपनी के तत्वाधावन में कत्रित अंग वितरण कैंप लगाया गया। जिसमें जरूरतमंद बुजुर्गों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायता मुहैया कराई, साथ ही उन्हें सकारात्मक विचारधारा के लिए प्रेरित किया। कैंप के संयोजक डा. जसवंत यादव ने कहा कि समाज में समानता की भावना का समावेश होना जरूरी है। बुजुर्गों का सम्मान बढ़ने से परिवार में एकता का संचार होगा तथा जटिल समस्याओं से संघर्ष करने की प्रेरणा मिल सकेगी। दिव्यांगजन भी समाज का अभिन्न अंग होते हैं, इन्हें साथ लेकर चलने से परोपकारी विचारों का उदय संभव हो पाएगा। इसके बाद शिविर में 165 ग्रामीणों की विभिन्न शारीरिक जांच की।

## अलविदा जुमे की नमाज में उमड़ी नमाजियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रमजान माह के अलविदा की जुम्मा में नमाज़ अदा करने के बाद मुल्क में अमन–सलामती की दुआ मांगी। शुक्रवार को शिवाजी नगर स्थित जामा मस्जिद में रोजों की चौथी शुक्रवार की नमाज दोपहर डेढ़ बजे शुरू की गई।

इस पावन मौके पर जामा मस्जिद के शाही इमाम एवं सदर तंजीम आइमा ओकाफ हरियाणा के हाफिज़ मोहम्मद हनीफ फैजी गोरवाल ने कहा कि अलविदा जुम्मा के दिन लोग अल्लाह की इबादत में





नारनौल। जुम्मे की नमाज के दौरान संबोधन देते काज़ी मोहम्मद हनीफ गोरवाल तथा शिवाजी नगर जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज में भाग लेते मुस्लिम धर्म के लोग।

नमाज अदा करते हैं। अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हुए गरीब व जरूरतमंदों के लिए दुआ मांगते हैं।

कहा जाता है कि ऐसा करने से ज्यादा से ज्यादा सवाब मिलता है। इस साल रमजान का महीना 2 मार्च से शुरू हुआ था, 29वें रोजे के बाद अगर चांद नजर आता है तो 31 मार्च को ईद मनाई जाएगी और अगर 30वें रोजे के बाद चांद का दीदार होता है तो ईद का त्योहार एक अप्रैल को मनाया जाएगा।

हालांकि ईद-उल-फितर से पहले रमजान के आखिरी शुक्रवार यानी जुम्मे को इस्लाम धर्म में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

## राधेश्याम बने सीनियर कमांडेंट

**महेंद्रगढ़ ।** जिला के गांव झगडौली निवासी राधेश्याम को भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी) में सीनियर कमांडेंट के रूप में पदोन्नति मिली है। राधेश्याम अभी तक केन्द्रीय गृह मंत्रालय के सुरक्षा बल इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस की 33वीं बटालियन गोहाटी में सेवाएं दे रहे थे। अब मुख्यालय द्वारा उनको 63वीं बटालियन में तैनात किया गया है। कमांडेंट राधेश्याम बेहद कर्मठ, ईमानदार और जांबाज



अधिकारी के तौर पर पहचाने जाते हैं। अपनी ड्यूटी के दौरान वे आतंकवाद एवं नक्सल विरोधी अभियानों में सक्रिय रहे हैं। राधेश्याम वीवीआईपी सुरक्षा में जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, मुफ्ती मोहमद सईद, विश्व हिंदू परिषद सुप्रीमो रहे अशोक सिंहल, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी के अलावा राष्ट्रपति भवन और संसद की सुरक्षा का जिम्मा भी संभालते रहे हैं। राधेश्याम ने अमेरिका और राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में विशेष प्रशिक्षण हासिल किया है और मसूरी अकादमी में प्रशिक्षक के रूप में तैनात रहे हैं। सैनिक परिवार में जन्में कमांडेंट राधेश्याम के पिता भारतीय सेना में रहे हैं और बड़े भाई विनोद कुमार भी एनएसजी में ब्लैक कैट कमांडो के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। कमांडेंट राधेश्याम के छोटे डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि उनके बड़े भाई बचपन से ही राष्ट्रवादी विचारों के रहे हैं और उनकी यह पदोन्नति उत्कृष्ट सेवा, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।

## 60 जरूरतमंदों को सहायक उपकरण बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले के गांव लावन में बाबा खेतानाथ जन सेवा फाउंडेशन सीहमा और दिव्याशा केंद्र नारनौल द्वारा शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रो. पायल चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुमार जोनी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान 60 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिससे उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयों



महेंद्रगढ़। जरूरतमेंदों उपकरण वितरित करते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

को कम किया जा सके।

संस्था के फाउंडर संदीप यादव ने बताया कि बाबा खेतानाथ जन सेवा फाउंडेशन निरंतर समाज सेवा में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अनेक लोग जानकारी के अभाव में सरकारी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, इसलिए संस्था जागरूकता अभियान भी चला रही है।

संस्था द्वारा समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप, महिलाओं के लिए सिलाई मशीन वितरण और अन्य सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता है।

## कथा के तीसरे दिन भगवान वामन अवतार का किया वर्णन

**महेंद्रगढ़।** दीवान कॉलोनी स्थित श्रीराम कालेज आफ एजुकेशन के प्रांगण में श्री राधाबल्लभ सेवा परिवार समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में वृन्दावन धाम से पधारे कथाव्यास योगेश महाराज ने तीसरे दिन की कथा में भगवान वामन अवतार की कथा के साथ साथ सांख्य योग, देवहूति कपिल संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, अजामिल कथा, गजेन्द्र मौक्ष, देवासुर संग्राम आदि प्रसंग भी सुनाए। कथा के दौरान प्रवक्ता अमरसिंह सोनी के निर्देशन में एक नन्हे बालक द्वारा भगवान वामन अवतार की मनमोहक झांकी भी पेश की गई जो बहुत ही आकर्षक रही। इस कार्यक्रम के यजमान श्रीराम कालेज आफ एजुकेशन के संचालक व कथा प्रबंधक डॉ. सुकेश दीवान एवं बबीता दीवान सपरिवार थे। जबकि पूजन का कार्य आचार्य त्रिलोक शर्मा के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण से करवाया गया। भगवान वामन अवतार की कथा का वर्णन करते हुए गुरुजी ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन का भेष बनाकर राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांग ली। जब भगवान विष्णु ने दो पग में ही पूरा ब्रह्माण्ड नाप लिया तो तीसरे पग के लिए जगह ना होने के कारण राजा बलि ने अपना सिर ही आगे कर दिया। अंत में भगवान विष्णु ने राजा बलि की दान देने की भावना को समझते हुए उसे पाताल लोक का अधिपति बना दिया।

### विकास कार्यों व स्वच्छता को लेकर हुई चर्चा, डीएमसी के निर्देश

# नप की जमीन पर अतिक्रमण की तुरंत दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में नगर परिषद के सभी पार्षदों के साथ विकास कार्यों को लेकर बैठक की। इस दौरान नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी भी मौजूद थी। इस अवसर पर डीएमसी ने कहा कि शहर के योजनाबद्ध तरीके से विकास के लिए सभी पार्षद सहयोग करें। सभी कार्यों में चुने हुए प्रतिनिधियों की सलाह बहुत ही महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी नगर परिषद की जमीन पर अवैध कब्जा होता है, तो पार्षद तुरंत प्रभाव से इसकी जानकारी दें। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छता को लेकर भी सभी पार्षदों से आह्वान किया कि स्वच्छता को लगातार जारी रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा उठाने में कोई शिकायत है, तो तुरंत प्रभाव से इसकी जानकारी दें। नगर परिषद की ओर से कूड़ा उठाने वाले वाहनों के ड्राइवर व दरोगा के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं। इसके अलावा स्वच्छता एप पर भी शिकायत कर सकते हैं।



नारनौल। शहर के पार्षदों की बैठक लेते डीएमसी डा. आनंद कुमार शर्मा।

#### डोर टू डोर कूड़ा उठाने बारे इन नंबरों पर करें

डीएमसी डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर एक, दो, तीन में रामुतार दरोगा है, जिनके मोबाइल नंबर 9996728863 है। इन वार्ड में वाहन चालक अमन के मोबाइल नंबर 9466727304, एरणवीर 9467023902, गौरव 8750802628 है। वार्ड नंबर चार, पांच, 11, 12, 16,19, 21, 22, 23 व 31 में भूपेंद्र दरोगा है, जिनके मोबाइल नंबर 8708153049 है व इन वार्ड में वाहन चालक सुरेंद्र 7876937787, राकेश 8950773672, राजपाल 8684986124, योगेश 9996128081, जसवीर 9996735753, गुरमुख 7082660648, युधिष्ठिर 9591501660, सुरेश 9896266967, कपिल 7988414027, विक्रम 8813928680 है। वार्ड नंबर आठ, 10 व 24 में प्रताप सिंह दरोगा है, जिनके मोबाइल नंबर 9050607669 है तथा इन वार्ड में वाहन चालक सुनील 9817948933, राजेश 7494999735, राजेश 7982173023 है। इसी प्रकार वार्ड नंबर नौ, 27 व 29 में राजू दरोगा है, जिनके मोबाइल नंबर 8684013535 है तथा इन वार्ड में वाहन चालक अरुण 8295155961, विजय 8708927946, कृष्णा 5350158212 है। वार्ड नंबर 13, 14 ,15 में महेंद्र सपलिया है, जिनके मोबाइल नंबर 8168049165 है।

## डीजे पर गन क्लचर वाले गाने न बजाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के गन कल्चर पर रोक लगाने के फैसले को अपराध अंकुश की दिशा में एक सटीक कदम बताते हुए पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि जिस तरह से गन कल्चर के गानों का प्रचलन है, उससे युवा वर्ग भटक रहा है तथा इसका असर युवाओं पर पड़ता है। इन गानों को देखकर युवा हथियार लेकर उसे लहराते हुए फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर देते हैं। जिससे समाज में बहुत गलत संदेश जाता है तथा समाज में अपराधिक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के गाने समाज के युवा वर्ग को बरगलाने व बहलाने का काम करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने थाना क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ बैठक करें व डीजे संचालकों को हिदायत दें कि डीजे पर अश्लील व गन क्लचर वाले गाने न बजाएं। डीजे को बुकिंग पर ले जाते समय डीजे बजाते हुए न लेकर जाएं, अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर ही डीजे बजाएं। इसके साथ ही मैरिज प्लेस संचालकों को सीसीटीवी लगवाने व विवाह में हर्ष फायरिंग करना वर्जित है, का चेतावनी बोर्ड लगवाने बारे निर्देश दें। इन्हीं निर्देशों के तहत सतनाली थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया है।



नारनौल। डीजे संचालकों के साथ बैठक करते सतनाली थाना प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### 30 व 31 को सरकारी लेन-देन वाले बैंक रहेंगे खुले

**नारनौल।** वित्त वर्ष 2024-25 की समाप्ति से पहले 30 मार्च को खजानाए उप-खजाना व सरकारी लेन-देन वाले बैंक खुले रहेंगे। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने पंजाब वित्तीय नियम खंड-एक, भाग एक के नियम 3.40 के नोट पांच के तहत दी गई शक्तियों के दृष्टिगत जिले के खजाना, उप-खजाना व सरकारी लेन-देन वाले बैंकों को 31 मार्च के अलावा 30 मार्च को भी खुला रखने के आदेश पारित किए हैं। उन्होंने बताया कि सभी कार्यालय तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी अपने किसी भी प्रकार के वित्तीय कार्य 30 तारीख को कार्यालय समय व 31 को मध्य रात्रि तक करवा सकते हैं। सभी बैंक भी आखिरी दिन देर रात तक खुले रहेंगे।

### उन्हाणी कॉलेज में लगाया जागरूकता शिविर

**कनीना।** सड़क हादसों में कमी लाने के मकसद से शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय उन्हाणी में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा. विक्रम सिंह ने की। सड़क सुरक्षा समिति के संयोजक प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह एक सामाजिक कर्तव्य भी है। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क सुरक्षा की उम्मीद की जा सकती है।

### राव नेतराम स्कूल के दो छात्रों का नवोदय में चयन

**नारनौल।** जवाहर नवोदय शिक्षा समिति करीरा की ओर से आयोजित कक्षा नौवीं व छठी के लिए चयन परीक्षा में राव नेतराम पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विद्यालय सचिव कुबेर सिंह ने विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि कक्षा नौवीं के लिए प्रियंका पुत्री सुनील ताजपुर, कक्षा छठी के लिए विनय पुत्र सुनील ताजपुर का चयन नवोदय की प्रवेश परीक्षा सत्र 2025 के लिए हुआ है।

### हकेंवि महेंद्रगढ़ का उल्लेखनीय प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** भारत की प्रतिष्ठित ईडब्ल्यू इंडिया हॉयर एजुकेशन रेंकिंग 2024-25 जारी हो गई है। इस रेंकिंग में गवर्मेंट यूनिवर्सिटीज के लिए निर्धारित भारत की उत्कृष्ट गवर्मेंट मल्टीडिसीप्लिनरी यूनिवर्सिटी की श्रेणी में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विवि इस बार वर्ष 2023 वर्ष की 33वीं रेंक से आगे बढ़कर 2024 वर्ष में 29वीं रेंक पर आ गया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को प्राप्त 29वीं रेंकिंग पर हर्ष व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के शोधकतार्ओं, संकाय सदस्यों व सभी सहभागियों को समर्पित किया। कुलपति ने कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन की दिशा में ऐसे ही प्रयासरत रहेगा।

### आईआईटी स्थापित करने की मांग

**महेंद्रगढ़।** एक तरफ जहां केंद्र सरकार ने हरियाणा में एक आईआईटी स्थापित करने का फैसला लिया गया है। वहीं दूसरी तरफ सभी सांसदों ने इसे अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में स्थापित करवाने के लिए पैरवी शुरू कर दी है। इस बीच महेंद्रगढ़-भिवानी से सांसद धर्मबीर सिंह ने भी लोकसभा क्षेत्र में आईआईटी स्थापित करने की मांग की है।

### मिर्जापुर बाछौद में क्रिकेट प्रतियोगिता 31 से

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव मिर्जापुर बाछौद में बाबा ठाडेसर महाराज की क्रिकेट प्रतियोगिता 31 मार्च से शुरू हो रही है। जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि बाबा ठाडेसर महाराज की क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 51 हजार एवं उपविजेता टीम को 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं मैन ऑफ दा सीरीज व बेस्ट बॉलर, बेस्ट मैन तथा फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को 11 सौ रुपये का इनाम दिया जाएगा।

### किसानों पर पुलिस दमन और उत्पीड़न रोकने की मांग

# ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** ज्ञापन सौंपते किसान संगठन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से जिला सचिव डा. व्रतपाल सिंह की अगुवाई में रामस्वरूप नम्बरदार, ईश्वर सिंह तोताहेड़ी, छाजूराम रावत, जयनारायण, ओमप्रकाश, रमेश चन्द पूर्व सरपंच सहित अनेक किसान व खेत मजदूरों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन निजामपुर बीडीपीओ के माध्यम से एसईपीओ बलजीत सिंह को सौंपा। इसके अलावा एक और ज्ञापन पंजाब के किसानों के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए पंजाब सरकार की ओर से किसानों पर पुलिस दमन, उत्पीड़न रोकने की मांग को लेकर राज्यपाल पंजाब के नाम सौंपा।

इस अवसर पर किसान संगठन एआईकेकेएमएस के जिला सचिव डा. व्रतपाल सिंह ने किसान व खेत मजदूरों की ओर से की गई मांगों को स्वीकार करने की मांग करते हुए कहा कि भारत के करोड़ों किसानों, जिनमें से 87 फीसदी छोटे और सीमांत किसान हैं, जो कृषि पर ही पूर्णतया निर्भर हैं। उनके हितों के विरुद्ध जाकर केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को राष्ट्रीय कृषि विपणन नीति ढांचे को लागू करने का प्रस्ताव भेजा है। यह नीति कृषि बाजारों को पूरी तरह से बड़े कॉरपोरेट घरानों के हवाले कर देगी। जिससे सरकार किसानों के लिए सभी समर्थन व सब्सिडी समाप्त कर देगी तथा खाद्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल देगी। यह किसानों की जो भी स्वतंत्रता है, उसको कमजोर करेगा और उनके अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करेगा। अब केंद्र सरकार अमेरिका, यूरोपीय संघ व न्यूजीलैंड के साथ कृषि में मुक्त व्यापार समझौतों पर भी बातचीत कर रही है। कुल मिलाकर इन समझौतों का उद्देश्य इन देशों से भारतीय बाजारों में निर्यात को बढ़ाना है, जो राष्ट्रीय हितों के लिए हानिकारक साबित होगा। वर्तमान में अमेरिका का एक प्रतिनिधिमंडल भारत की यात्रा पर है और केंद्र सरकार के साथ इन समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

#### संगठन की मांग

अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ राष्ट्रीय हितों के खिलाफ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता तुरंत बंद की जाए, राज्य सरकारें व विधानसभा एनपीएफएएम को खारिज करें, प्रस्ताव पारित करें कि वे इसे लागू नहीं करेंगी, सभी फसलों के लिए एमएसपी घोषित कर खरीद की गारंटी दी जाए, किसानों व मजदूरों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए, कृषि व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली दरों में वृद्धि व स्मार्ट मीटर लगाने की योजना वापस ली जाए, ट्यूबवेल के लिए मुफ्त बिजली व घरेलू तथा दुकानों के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान की जाए, जिले को जेएलएन नहर क्षमता व मांग के अनुरूप पूरा पानी दिया जाए, उल्लेखनीय है कि जेएलएन कैनाल की क्षमता 1650 क्यूसेक पानी की है और पानी 700 क्यूसेक मिल रहा है, जो मांग व क्षमता से आधे से भी कम है। इस प्रकार पानी की उपलब्धता कम होने के कारण किसानों को पूरा पानी नहीं मिल रहा। पशु पक्षियों को बढ़ते तापमान व गर्मी में जोहड़ में पानी होना निहायत जरूरी है, किसानों के ट्रैक्टर की आरसी एनसीआर इलाके में 20 साल की मानी जाए, किसान के खेत में आग से फसल के नुकसान का मुआवजा दिया जाए, छिलरो निजामपुर कॉलेज में शिक्षकों के सभी रिक्त पदों को भरा जाए, किसानों को सौर ऊर्जा बिजली निःशुल्क व सब्सिडी 100 प्रतिशत दी जाए।


**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में टीबी (क्षय रोग) जागरूकता अभियान के तहत एक पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समाज में इसके रोकथाम के उपायों को प्रचारित करना था।

कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम स्थान, साक्षी ने द्वितीय स्थान एवं ललिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में पायल ने प्रथम, अन्नू ने द्वितीय एवं आशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा सभी छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने टीबी उन्मूलन के प्रति छात्राओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभा सकती है।


**कनीना।** मुम्बई में फैशसन डिजाइन में धमाल मचाने वाली भारती गोयल, नुसरत भरूचा के साथ।

## कनीना की बेटी भारती गोयल ने फैशन डिजाइन के क्षेत्र में मुम्बई में मचाया धमाल

**कनीना।** फैशन डिजाइन में कनीना की बेटी भारती गोयल ने मुम्बई में धमाल मचाने का कार्य किया है। समाजसेवी दुर्गादत्त गोयल की बेटी भारती गोयल ने वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर जियो में आयोजित 25 वें फैशन शो में हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने स्वयं तैयार की गई छह ड्रेस को प्रस्तुत किया। बड़े सितारों ने पहनकर रैम्प पर चलकर दिखाया। गौरतलब है कि यहां तक पहुंचने से पहले पूरे भारत के सभी फैशन डिजाइनरों में कड़ा मुकाबला होता है। इस मुकाबले में भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसी आधार पर उनको मुंबई जाने का अवसर मिला। प्रसिद्ध हीरोइन नुसरत भरुचा ने भारती द्वारा तैयार की गई ड्रेस को पहनकर प्रस्तुती दी। प्रसिद्ध डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, नीरज गाबा ने भारती द्वारा डिजाइन की हुई ड्रेस को अव्वल स्थान दिया। भारती के पिता दुर्गादत्त गोयल ने बताया कि भारती ने आईजीयू मीरपुर से एमकॉम की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी

## टीम ने किया बसों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना


**कनीना।** निजी स्कूल में पहुंची टीम बसों का निरीक्षण करती हुई। फोटो : हरिभूमि

सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अंतर्गत शुक्रवार को अधिकारियों की टीम ने गांव ककराला स्थित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों की करीब 36 बसों की जांच की। एसडी के अलावा टीम ने आरपीएस स्कूल भड़फ व युदवंशी स्कूल कनीना की स्कूल बसों का भी निरीक्षण किया। वाहन जांच टीम में एसडीएम डा. जितेन्द्र सिंह अहलावत, खंड शिक्षा अधिकारी डा. विश्वेश्वर कौशिक, बीआरसी दिलबाग सिंह, सुनिल कुमार, नवीन कुमार, एडीटीओ, देवेन्द्र कुमार, रवि आरटीओ कार्यालय, श्रीभगवान, सुनिल कुमार हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल के कर्मचारी भी शामिल थे। जिन्होंने स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट, इंश्योरेंस, टैक्स व रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्रों की जांच की। वहीं स्कूल बसों में फस्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस सिस्टम व टायर आदि की जांच की गई। आरटीए कार्यालय के श्रीभगवान, सुनिल कुमार ने बसों को चलाकर उनके ब्रेक, लाइट, वाईपर, साईड इंडीगेटर व स्पीड का निरीक्षण किया। एसडीएम जितेन्द्र सिंह अहलावत ने सभी चालक व परिचालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।


**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सिंघानिया विवि में शारीरिक शिक्षा और खेल प्रशिक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** गांव बड़ी पचेरी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, खेल और योग विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आसपास के स्कूलों के शारीरिक शिक्षा, विशेष शिक्षा और सह पाठ्यक्रम गतिविधि शिक्षकों को एक मंच पर लाना था। इस कार्यशाला का शीर्षक था, मजबूत भविष्य की दिशा में शारीरिक शिक्षा और खेल प्रशिक्षण को सशक्त बनाना। कार्यशाला में शिक्षकों को समावेशी शिक्षा, शारीरिक गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका और विद्यार्थियों की शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण विधियों पर चर्चा करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए, जो शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में नवीनत्तम दृष्टिकोण और विधियों पर आधारित थे।

## अभिभावकों को बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताते शिक्षक।

गांव खैरोली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों ने प्राचार्य मदनलाल की अध्यक्षता में गांव डोर टू डोर नामांकन अभियान चलाया। इस दौरान स्कूल के शिक्षकों ने गांव के प्रत्येक घर में जाकर अभिभावकों से मिलकर विद्यालय के परीक्षा परिणाम, विद्यालय में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना तथा विद्यालय में मिलने वाली समस्या सुविधाओं सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया। शिक्षकों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी शिक्षकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाने का आश्वासन दिया। प्राचार्य मदनलाल ने कहा कि निजी स्कूलों की पढ़ाई अभिभावकों को बहुत महंगी पड़ती है। जबकि सरकारी स्कूलों में नाममात्र की फीस है। अभिभावक बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाकर अच्छी शिक्षा और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी में सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़


**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

1981 से शिक्षा के क्षेत्र में हब के रूप में कार्य करने वाले हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी में सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने परिणाम घोषित किया। सभी कक्षाओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. जेएस कुंतल ने सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल की तरफ से बधाईयां प्रेषित की तथा 30 मार्च को होने वाले सुंदरकांड व हवन के लिए सभी को आमंत्रित किया। अध्यापक कुलदीप शर्मा ने परीक्षा परिणाम घोषणा के दौरान मंच संचालन का कार्य किया।

संस्था की उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने विशेष स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। संचालक सुभाष चन्द्र अग्रवाल ने स्कूल में पहुंचे सभी अभिभावकों का आभार जताते हुए कक्षा नर्सरी से 11वीं के शत-प्रतिशत परीक्षा की सफलता का श्रेय अपने स्कूल के अध्यापकों व अभिभावकों को दिया।


महेंद्रगढ़। अभिनेता अभिनेत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते अनिल कौशिक व अन्य।

### वर्ल्ड थियेटर डे पर अनिल की टीम ने प्रस्तुत किया नाटक

**महेंद्रगढ़।** विश्व के सबसे लंबे थियेटर फेस्टिवल के 27 मार्च देर रात्रि समापन पर हिंदी फिल्मों व चर्चित धारावाहिकों के अभिनेता राजेंद्र गुप्ता व अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी को हरियाणा के प्रसिद्ध रंगकर्मी अनिक कौशिक ने बतौर अतिथि हरियाणा के कलाकारों की ओर से सम्मानित किया गया। बता दें कि 18 दिसंबर से अलवर के माहावार आडोटोरियम में विश्व के सबसे लंबे थियेटर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस थियेटर फेस्टिवल में 90 से भी अधिक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय नाटकों का मंचन किया गया।

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में हुई फैंसी ड्रेस स्पर्धा

**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नन्हें बच्चों ने विभिन्न वेशभूषाओं में प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता के दौरान कुछ बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों का रूप धारण किया, तो कुछ ने राष्ट्रीय प्रतीकों को दर्शाया। कई विद्यार्थियों ने डॉक्टर, सैनिक, किसान, वैज्ञानिक, पुलिस अधिकारी और अन्य प्रेरणादायक व्यक्तित्वों के रूप में प्रस्तुतियां दीं। कुछ बच्चों ने पौराणिक पात्रों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी झलकियां पेश की। जिससे कार्यक्रम की विविधता और सार्थकता बढ़ गई। विद्यालय की प्राथमिक विभाग प्रमुख सीमा शर्मा ने इस आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता केवल एक मनोरंजक गतिविधि नहीं, बल्कि बच्चों की आत्मविश्वास वृद्धि और उनके रचनात्मक विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।


कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

### राव जयराम स्कूल में हुआ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**महेंद्रगढ़।** शहर के अटेली रोड स्थित राव जयराम स्कूल के प्रांगण में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए तथा विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थितों का मन मोह लिया। परिणाम घोषणा के बाद, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक से सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. हरिसिंह यादव ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के अथक प्रयास एवं समर्पण का परिणाम आज इस शानदार उपलब्धि के रूप में सामने आया है।

# अव्यवहारिक रेशनलाइजेशन के खिलाफ टीचर्स एसोसिएशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



■ रेशनलाइजेशन न विद्यार्थियों के हित में है और न ही शिक्षकों के हित में : महेश

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षा विभाग की ओर से की जा रही रेशनलाइजेशन न विद्यार्थियों के हित में है और न ही शिक्षकों के हित में। यह सिर्फ और सिर्फ इस स्कूली ढांचे को सिकोड़ने व शिक्षकों के पदों को समाप्त करने का षडयंत्र मात्र है। यह बात डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा के राज्य सचिव महेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से पदों के मामले में जो मानदण्ड तय किए गए हैं, वो शिक्षा के अधिकार नियमों के विरुद्ध हैं। एक तरफ तो सरकार त्रिभाषा फॉर्मूला लागू कर रही है और दूसरी तरफ भाषा के पीरियड घटाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जहां कक्षा छह से आठ में इन भाषाओं के कम से कम छह पीरियड हुआ करते थे। अब घटाकर पांच कर दिए गए हैं। कक्षा नौ से 12वीं में भी पहले हिंदी के आठ आठ पीरियड हुआ करते थे, अब मात्र छह पीरियड कर दिए गए हैं।

नॉर्म्स में जिला पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, सिरसा, फतेहाबाद के सभी स्कूलों में पंजाबी प्रवक्ता के पद दिए जाने के बावजूद भी इन जिलों में कई स्कूलों में पंजाबी प्रवक्ता के पद काटे जा रहे हैं, जो कि बिलकुल अवव्यहारक है, जबकि उपरोक्त ज़िलों के इलावा करनाल, कैथल, जींद जिलों के सभी स्कूलों में भी पंजाबी प्रवक्ता के पद दिए जाने बनते हैं। संस्कृत प्राध्यापक को लाइब्रेरी का पीरियड दिया गया है और उसे वर्कलोड में भी नहीं जोड़ा जा रहा।

अतः डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर्स एसोसिएशन मांग करता है कि रेशनेलाइजेशन करने से पहले संगठनों से बातचीत की जाए और शिक्षा व शिक्षक हित में रेशनेलाइजेशन की जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो शिक्षकों को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

#### आंदोलन के लिए होना पड़ेगा मजबूर

उन्होंने कहा कि अगर कक्षा के सेक्शन की बात करें तो 51 बच्चों के बाद दूसरा सेक्शन बना रहे हैं, जबकि नियम अनुसार प्राइमरी में 30, मिडल में 35 व नौवीं से 12वीं में 40 बच्चों के बाद नया सेक्शन बनना चाहिए। प्राथमिक व मिडल स्कूलों के मुखिया को विषय का पूरा वर्कलोड दिया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा पदों को समाप्त किया जा सके। हाई स्कूलों में लेक्चरर के पदों को समाप्त किया जा रहा है।अधिकतर स्कूलों में साइंस की पूरी फैकल्टी नहीं दी जा रही। इन सब बातों से जाहिर है कि सरकार इस स्कूली शिक्षा के ढांचे को समाप्त करना चाहती है। शिक्षा के अधिकार नियमों के मुताबिक स्कूल में हर विषय का अध्यापक हो, हर स्कूल को मुखिया मिले व जनशिक्षा को बचाने की नीतियां बनें।

**सरपंच ग्राम पंचायत छापड़ा सलीमपुर**
**खण्ड सिहमा, तहसील नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)**
**बोली सूचना**
ग्राम पंचायत छापड़ा सलीमपुर में बाबा रूपादास के पास जोहड़ को मछली पालन के लिए बोली लगायी जानी है। अतः सभी आमजन को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.04.2025 को सुबह 10 बजे इच्छुक आमजन उपस्थित रहे। सभी नियम एवं शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।
हस्ता/- एकता कुमारी, सरपंच,
ग्राम पंचायत छापड़ा सलीमपुर (महेन्द्रगढ़), मो. 9812352235

**सरपंच ग्राम पंचायत, बासड़ी**
ब्लॉक सतनाली, जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा
**बोली सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बासड़ी, विकास खंड सतनाली, जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा के एक जोहड़ को मछली पालन के लिए खुली बोली पर ठेके पर छोड़ा जाना है। इच्छुक व्यक्ति 03 अप्रैल 2025 वार वीरवार को सुबह 10:00 बजे मु० रु० 10000 अदा कर खुली बोली में हिस्सा ले सकता है। बोली से संबंधित शर्तें मौके पर बता दी जाएगी।
प्रमोद कुमार सरपंच, ग्राम पंचायत बासड़ी, M. 9588742525
ग्राम सचिव, ग्राम पंचायत बासड़ी
बीडीपीओ, सतनाली

# ट्रामा सेंटर में चल रही तैयारियों का सिविल सर्जन ने लिया जायजा, जल्द उद्घाटन की उम्मीद

- नारनौल के जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल में बनाया गया है दो मंजिला नया ट्रामा सेंटर, लिफ्ट की भी रहेगी सुविधा
- ट्रामा सेंटर में फिलहाल 10 बैड चोटिल/घायलों के उपचार, जबकि आठ बैड आगजनी के शिकार लोगों के लिए किए गए हैं आरक्षित

राजकुमार ⏭ नारनौल

जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल में बनाए गए ट्रामा सेंटर को संचालित करने की दिशा में गतिविधियां तेजी से चल रही हैं। शुक्रवार को नए सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने ट्रामा सेंटर का निरीक्षण कर वहां चल रही तैयारियां का जायजा लिया। इस दौरान ट्रामा सेंटर के इंचार्ज एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कृष्ण कुमार यादव उनके साथ रहे। नारनौल नागरिक अस्पताल में तैयार किया गया दो मंजिला ट्रामा सेंटर जिले का पहला सरकारी ट्रामा सेंटर है, जिसके निर्माण पर लगभग 6.5 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसका निर्माण लोक निर्माण विभाग की देखरेख में किया गया है। दो मंजिला भवन में फिलहाल 18 बैड का तैयार किया गया है, जिसमें 10 बैड चोटिल यानि घायल लोगों के उपचार के लिए रिजर्व रहेंगे, जबकि आठ बैड आगजनी के शिकार हुए लोगों के ईलाज के लिए आरक्षित किया गया है। हालांकि इन बैडों की संख्या 25 तक करने की भी संभावना है। बढ़े हुए बैडों की संख्या को घायलों के लिए उपयोग में लिया जा सकेगा।



नारनौल। ट्रामा सेंटर का जायजा लेते सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार। फोटो: हरिभूमि

## लिफ्ट की रहेगी सुविधा

ट्रामा सेंटर के दो मंजिला भवन में मरीजों एवं तिमारदारों के आवागमन के लिए लिफ्ट भी तैयार की गई है। लिफ्ट के जरिए मरीजों को खासकर टूटे-फूटे घायलों को फ्लोर से दूसरे फ्लोर तक लाने-ले जाने की सुविधा मिलेगी और मरीजों को पोड़ियों से आवागमन नहीं करना पड़ेगा।

## एक ही छत के नीचे मिलेंगी सारी सुविधाएं

ट्रामा सेंटर की स्थापना की पीछे सरकार का उद्देश्य एक ही छत के नीचे घायलों को जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध करवाना है। फिलहाल इसमें ओपीडी से शुरूआत की जा रही है तथा यहां पर हड्डी रोग बैठाकर मरीजों का ईलाज शुरू किया जाएगा। ओपीडी के अलावा यहीं पर मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे एवं एमआरआई की सुविधा प्रदान की जाएगी। फिलहाल इन मशीनों की हाई परचेज अथोरिटी चंडीगढ़ द्वारा खरीद की जानी है, जिन्हें नारनौल भेजा जाएगा।

### यह बोले सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने बताया कि उन्होंने कुछ रोज पहले ही यहां बतौर सिविल सर्जन चार्ज संभाला है। ऐसे में आज ट्रामा सेंटर का अवलोकन किया गया है और वहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया है। आवश्यकता वाले बिंदुओं को नोट किया गया है। इसके उद्घाटन की जल्दी ही सीएम साहब से अनुमति ली जाएगी। उद्घाटन के बाद यह सुचारु रूप से काम करने लगेगा।

### यह बोले ट्रामा इंचार्ज

ट्रामा सेंटर के इंचार्ज एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि ट्रामा सेंटर भवन बनकर तैयार है और फिलहाल इसमें फर्नीचर, बैड, मशीनें एवं अन्य जरूरत का सामान शिफ्ट किया जा रहा है। यहां पर चोट लगे एवं आग से जले लोगों का विशेष रूप से उपचार किया जाएगा। हड्डी टूटने या रोग होने का उपचार रेफर करने की बजाए यहीं किया जाएगा। फिलहाल जांच मशीनें एवं अन्य आवश्यक उपकरण मंगवाए जा रहे हैं। जल्द ही इसके पूरा होने की उम्मीद है।

### रेफर करने से मिलेगा छुटकारा

ट्रामा सेंटर को फिलहाल हड्डी रोग विशेषज्ञ के सहारे चलाने की योजना है, लेकिन इस सेंटर को विशेषज्ञ डाक्टरों की भी सुविधा मिलेगी, जिसके प्रयास किए जा रहे हैं। डाक्टर ही नहीं, यहां के लिए नर्सिंग स्टॉफ एवं जांच करने वाले प्रयोगशाला कर्मियों की भी अलग से ज्वानिंग दी जाएगी, ताकि यहां आए गंभीर रोगियों को भीड़ से अलग विशेष उपचार सुविधाएं मिल सकें। घायल क्रिटिकल केसों को रेफर करने की बजाए यहीं उपचार प्रदान किया जाएगा। हमें घुटनों एवं कूल्हों का ऑपरेशन नारनौल अस्पताल में ही करने में कामयाबी पहले भी मिल चुकी है।

*मरीजों की पर्ची भी कटेगी यहीं पर: ट्रामा सेंटर आने वाले लोगों को पर्ची कटवाने की सुविधा भी यहीं पर प्रदान करने की योजना है। फिलहाल नागरिक अस्पताल के पुराने भवन में 14 नंबर में यह कार्य किया जा रहा है, जहां सभी प्रकार के मरीजों की पर्ची एक ही जगह पर बनाई जाती है, लेकिन ट्रामा सेंटर चालू होने पर यहां आने वाले मरीजों की पर्ची यहीं पर काटी जाएगी।*

## खबर संक्षेप


नारनौल। ढाणी किरारोद के मंदिर में घुसता चोर। फोटो: हरिभूमि

### स्वीफ्ट कार से आया चोर ले गया माता का चांदी का मुकुट

**नारनौल।** आजकल चोर भी वीआईपी हो गए हैं। वह चोरी करने पैदल या किसी छोटे वाहन से नहीं आते। कुछ ऐसा ही नजारा शहर के वार्ड नंबर एक में शामिल ढाणी किरारोद अफगान में देखने को मिला। सीसीटीवी फुटेज में देखने को मिला कि मध्य रात्रि को एक अनजान चोर स्वीफ्ट कार से आया तथा गांव के मंदिर में घुसा। मंदिर से चोर माता का चांदी का मुकुट चोरी कर दबे पांवों से आसानी से निकल गया, लेकिन इसकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन पिक्चर साफ नहीं होने के कारण चोर एवं कार समझ नहीं आ रहे कि यह कौन व्यक्ति था। फिलहाल चोरी को लेकर ग्रामीणों में रोष बना हुआ है तथा उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है।

### सड़क हादसे में बाप-बेटा घायल

**कनीना।** कनीना-ककराला सड़क मार्ग पर हादसे में बाप-बेटा घायल हो गए। मोटर वाइंडिंग का कार्य करने वाले हवासिंह ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पुत्र कुणाल के साथ जा रहा था, उनकी बाइक खराब हो गई। जिसे सड़क से नीचे उतार कर जांच कर रहे थे, तभी तेज गति से आई कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए, वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आरोपित गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायल हवासिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बसपा कैथल में करेगी संविधान बचाओ गोष्ठी

**मंडी अटेली।** बसपा द्वारा 30 मार्च को कैथल की अनाज मंडी में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ संकल्प विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि प्रदेश स्तरीय इस विचार गोष्ठी में आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखा जाएगा, जिसमें इस रैली में प्रदेश भर भारी तादात में लोग पहुंचेंगे, जिसको लेकर जिला महेंद्रगढ़ से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

### नवरात्रों पर मां चामुंडा देवी का भव्य जागरण

नारनौल। नवरात्रों के शुभ अवसर पर मां चामुंडा देवी ट्रस्ट की ओर से भव्य धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। ट्रस्ट के प्रधान रामकुमार भोजावासिया ने बताया कि 30 मार्च से नवरात्रों का शुभारंभ होगा। जिसमें श्रद्धालु पूरे नौ दिनों तक मां की आराधना व उपवास करेंगे। इस पावन अवसर पर दो अप्रैल को महामाई मां चामुंडा देवी का भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। जागरण के दौरान विशेष भजन संध्या, मां का दिव्य श्रृंगार व भक्तों के लिए विशेष अनुष्ठान होंगे। इसके साथ ही छह अप्रैल को रामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान इत्र वर्षा, विशाल भंडारा, प्रसाद वितरण व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।



## तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टायरों से शवों को निकाला बाहर

# 152 डी पर हुए दर्दनाक हादसें में दो की मौत

- गुरुवार की देर रात ग्रीन कॉरिडोर 152 डी पर गांव चितलांग के समीप सड़क किनारे खड़े कैंटर को ट्राले ने पीछे से मारी टक्कर
- मृतकों को 100 मीटर तक खींच कर ले गया ट्राला, हादसे के बाद चालक हुआ मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

ग्रीन कॉरिडोर 152 डी पर गांव चितलांग के समीप देर रात हुए दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि पुलिस को टायरों के नीचे फंसे शवों को निकालने में तीन घंटे का समय लग गया। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों के पहचान के लिए पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है।

ग्रीन कॉरिडोर 152 डी पर गांव चितलांग के समीप करीब साढ़े 11 बजे पंजाब नंबर का खाली टैंकर सड़क किनारे खड़ा हुआ था। कैंटर के ड्राइवर और कंडक्टर वहीं पर खड़े थे। इसी दौरान पीछे से राजस्थान नंबर का कॉन्क्रीट से भरे ट्राले तेज रफ्तार से जोरदार टक्कर मार दी। कैंटर के पास खड़े दो लोग ट्राले की चपेट में आ गए और बुरी तरह कुचल गए। कैंटर के ड्राइवर और कंडक्टर के ऊपर से ट्राले के टायर गुजर गए। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक का शव ट्राले के टायरों के नीचे फंसा था। वहीं दूसरा ट्राले के टायरों के नीचे दबा था। हादसे के बाद एक मृतक की आंते बाहर आई हुई थी। फायर ब्रिगेड, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। शवों को निकालने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। ट्राले की रफ्तार काफी तेज थी और टक्कर के बाद उसने दोनों व्यक्तियों को करीब 100 मीटर तक घसीटा। हादसे के बाद ट्राले का चालक मौके से फरार हो गया।


महेंद्रगढ़। टायर के नीचे फंसा मृतक का शव, हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व शव को बाहर निकालती मशीन। फोटो: हरिभूमि

### तीन घंटे में शवों को टायरों से निकाला बाहर

हादसे की सूचना के बाद फायर ब्रिगेड, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। मृतकों के शवों को टायर के नीचे के प्रयास शुरू किए गए। शवों को निकालने में एनएचएआई द्वारा भेजी गई हाईड़ा मशीन ट्राले को उठाने में पूरी तरह से विफल रहीं। इसके बाद तीन जेसीबी मशीनों को मौके पर बुलाया, जिनकी मदद से ट्राला हटाकर शवों को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद 152 डी पर जाम की स्थिति बन गई। जिसको पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया और यातायात बहाल कराया।

### मृतकों की नहीं हुई पहचान

दौंगड़ा चौकी इंचार्ज प्रीतम सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और अन्य प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने ट्रक और कैंटर के नंबर के आधार पर मालिकों से संपर्क करने की कोशिश की है। मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी गई है ताकि फरार ट्रक चालक का सुराग मिल सके।

## नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म करने का मामला

# कोर्ट ने दोषी को सुनाई दस साल कठोर सजा

- दोषी को सजा दिलाने में पुलिस ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नाबालिग का अपहरण करने व दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा व एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। पुलिस की ओर से की गई उत्कृष्ट पैरवी पर नाबालिग पीड़िता का अपहरण करने व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में केपी सिंह स्पेशल कोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो की कोर्ट ने आरोपित प्रमोद को दोषी करार देते हुए धारा चार पॉक्सो एक्ट के तहत 10 साल कठोर कारावास, धारा 366ए आईपीसी के तहत 10 साल कठोर कारावास, धारा 363 आईपीसी के तहत सात साल कठोर कारावास व धारा 120बी के तहत 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### क्या है मामला

नाबालिग पीड़िता के परिजनों के ब्यान पर थाना अटेली में मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद नाबालिग पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष ब्यान करवाए गए थे। जांच इकाई की ओर से महत्वपूर्ण साक्ष्यों का आंकलन कर अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के सम्मुख पेश किया गया था। मामले की सुनवाई केपी सिंह स्पेशल कोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट, पॉक्सो की कोर्ट में हुई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान उप जिला न्यायवादी भारत भूषण दहिया ने अभियोजन के पक्ष में प्रभावशाली पैरवी करते हुए न्यायाधीश के सम्मुख दलीलें पेश कर दोषियों को सजा दिलाने में भूमिका निभाई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले को बहुत ही संगीन माना व जांच इकाई की उत्कृष्ट पैरवी एवं प्रॉसीक्यूशन की ओर से पेश की गई मजबूत दलीलों से दोषियों की सजा में कोई नरमी नहीं बरती।


नारनौल। आग पर काबू पाती फायर बिग्रेड। फोटो: हरिभूमि

## कूलर बनाने की फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**नारनौल।** रेवाड़ी रोड स्थित कैलाश नगर में शुक्रवार को कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। फैक्ट्री मालिक के अनुसार आग लगने से उसको करीब पाचं से छह लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बता दें कि मोहल्ला कैलाश नगर में गजेंद्र ने कूलर बनाने की फैक्ट्री की हुई है। गर्मी का सीजन आने की वजह से इस फैक्ट्री में कामकाज चल रहा है। गजेंद्र के अनुसार फैक्ट्री में बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से सुबह करीब साढ़े 10 बजे आग लग गई। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई तथा एक घंटे के बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के कर्मचारियों के अनुसार आग लगने से लगभग छह लाख रुपये का नुकसान होना फैक्ट्री मालिक ने बताया है।

# सड़क निर्माण में देरी, पुल बाजार में पानी भरने से रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर परिषद द्वारा शहर के मुख्य बाजार में बनाई जा रही सड़क में देरी बरतने से बाजार के दुकानदारों में भारी रोष बना हुआ है। निर्माण के नाम पर करीब तीन माह पहले सड़क को तोड़ा गया था, जिससे किला रोड, आजाद चौक, मानक चौक, पुल बाजार मार्ग के दुकानदारों का आवागमन ठप होने के साथ ही रोजगार लगभग बंद हो गया। टूटी सड़क के गड्ढों में अब ग्राहक उस मार्ग पर जाना नहीं चाहता, जिस कारण दुकानदार सारे दिन खाली बैठकर मक्खी मारने को मजबूर हो रहे हैं। कमाल की बात तो यह है कि सड़क उखाड़ी तब जेसीबी ने अनेक पानी की पाइप लाइन भी तोड़ दी और अब तक उन नलों का पानी सड़क पर रोजाना बहता रहता है। बार-बार दुकानदारों द्वारा नाराजगी जाहिर करने एवं नगर परिषद के अधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाजवूद उन लाइनों को ठीक नहीं किया गया है, जिस कारण टूटी सड़कें रोजाना ही तरणताल बनी नजर आती हैं।


नारनौल। पुल बाजार में भरा पानी व नगर परिषद में धरना देते व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

शुक्रवार को पुल बाजार के समीप नगर परिषद ने लोगों खासकर वाहनों का आवागमन पूर्णतया रोकने के उद्देश्य से सड़क का मलबा इकक्ट्ठा कर एक टीला सा बना दिया, ताकि उस पर चढ़कर वाहन बाजार में न प्रवेश कर सकें। इस मार्ग को इस टीले से बंद करने का ही परिणाम रहा कि आज सवेरे जब मुख्य बाजार में पीने का पानी सप्लाई किया गया तो वहां के टूटे नलों से पानी बहने लगा और पुल बाजार मार्ग पर यह पानी भारी मात्रा में एकत्रित हो गया, जिस कारण वह तरणताल सा नजर आने लगा।

कपड़ा व्यापारी नीरज संघी ने व्यंग्य कसते हुए कहा कि नगर परिषद पुल बाजार से मानक चौक तक नया स्वीमिंग पुल विकसित करवा रही है। इस पर पुल बाजार, मानक चौक के अनेक दुकानदारों में रोष फैल गया तथा वह लामबंद होकर नगर परिषद पहुंचे तथा वहां पर डीएमसी कार्यालय के सामने धरना देना शुरू कर दिया।

व्यापारी मनीष आर्य, देवेंद्र दीवान, बिट्टू नागपाल, संदीप गोयल समेत अनेक व्यापारियों ने नगर परिषद अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की तथा कहा कि सौंदर्यकरण की आड़ में व्यापारियों एवं दुकानदारों को बर्बाद किया जा रहा है।

# गुरुग्राम मंडल के आयुक्त ने किया अनाज मंडी का दौरा

- जिले में सुचारू रूप से चल रही है सरसों की सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने शुक्रवार को नारनौल अनाज मंडी में पहुंचकर सरसों खरीद के कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा. विवेक भारती भी मौजूद थे। इस अवसर पर किसानों व आढ़तियों से मुलाकात की। किसानों ने बताया कि अनाज मंडी में सरसों की खरीद सुचारू रूप से हो रही है। सरकार की तरफ से हुए आदेश के अनुसार अनाज मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। फिलहाल अनाज मंडी में सरसों की बहुत कम आवक हो रही है।

इस अवसर पर डीएफएससी कुशाल बूरा ने बताया कि अभी तक जिले की सभी मंडियों में 868 मिट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ में अभी तक सरसों की कोई भी ढेरी नहीं आई है। इसके अलावा नारनौल अनाज मंडी में 29, अटेली में 336, नांगल चौधरी में 23, कनीना में 442 व सतनाली में 38 मिट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इस मौके पर एसडीएम रमित यादव, डीएम वेयर हाउस रेखा मलिक, डीएम हैफेड प्रवीण भारद्वाज आदि मौजूद थे।


नारनौल। अनाज मंडी का दौरा करते गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान। फोटो: हरिभूमि

### सतनाली में अब तक की 1458 क्विंटल सरसों की खरीद

**सतनाली मंडी।** सतनाली अनाज मंडी में सरसों की आवक के साथ खरीद शुरू हो गई है। ऑक्सन रिकॉर्डर संदीप कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मंडी में खरीद एजेंसी द्वारा 41 किसानों से 831 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में अभी तक 73 किसानों से 1458 क्विंटल सरसों की खरीद की जाचुकी है और खरीद प्रक्रिया जारी है।

# सर्राफा व्यापारी पर जीएसटी की रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर में मानक चौक स्थित सर्राफा व्यापारी के यहां जीएसटी की रेड पड़ी। जीएसटी के स्थानीय अधिकारियों ने व्यापारी के मानक चौक स्थित दुकान पर दिनभर कागजों की जांच की। हालांकि रेड में क्या कमियां मिली। इस बारे में जीएसटी के अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं थे। स्थानीय जीएसटी के अधिकारी शुक्रवार दोपहर मानक चौक स्थित सर्राफा व्यापारी अजीत ज्वेलर्स पर पहुंचे। उनके साथ पुलिस भी थी। दुकान पर हुई रेड के बाद आसपास के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। बता दें कि मानक चौक पर अनेक ज्वेलर्स की दुकानें हैं।

रेड के दौरान टीम ने दुकान के अंदर जाकर कागजातों की जांच की। इस दौरान यहां के स्थानीय अधिकारी अंदर दुकान को बंद करके वहीं पर ही मौजूद रहे तथा बाहर के किसी भी अन्य व्यक्ति को अंदर नहीं आने दिया गया। सर्राफा व्यापारी की ओर से सोने-चांदी की खरीद पर ग्राहकों को बिल न मिलने की शिकायतें मिल रही थी, जिस पर जीएसटी लगता है। कच्चे बिल देने पर जीएसटी की चोरी होने की बात सामने आ रही थी। इस बारे में डीईटीसी प्रियंका यादव ऑफ कैमरा बताया कि यह रूटीन की जांच है।


नारनौल। जांच करती टीम। फोटो: हरिभूमि

# खेड़ी में आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. अनामिका ने संभाला चार्ज

**मंडी अटेली।** राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय खेड़ी (कांटी) को आयुर्वेदिक मेडिकल अफसर मिला है। यह पद लंबे समय से रिक्त चल रहा था। उम्मीद है कि अब आसपास की बड़ी आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। श्यामपुरा निवासी डॉ. अनामिका यादव ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। चार्ज संभालने के बाद डा. अनामिका ने औषधालय के स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक कर मरीजों को बेहतर सेवाएं देने की बात कही। गांव के सरपंच सत्यनारायण, पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह, उप सरपंच हेमराज, डा. अमर सिंह, चेयरमैन दिनेश जेलदार, हरेंद्र राव व विष्णु कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार प्रकट किया है। बता दें कि इस अस्पताल की जमीन को दादी तख्ता देवी पत्नी ठाकुर रोहतास सिंह नंबरदार ने अपनी निजी भूमि दान की थी। औषधालय में स्थाई चिकित्सक से खेड़ी, कांटी, नावदी, रामपुरा व बिहाली समेत बार्डर पर सटे हुए राजस्थान के गांव के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।



## अवैध निर्माण को रोकने के लिए बनी जिला स्तरीय समिति की बैठक

# बिना अनुमति के निर्माण कार्य न करें नागरिक: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में शहरी व कंट्रोल्ड एरिया में अवैध निर्माण को रोकने के लिए बनी जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। इस दौरान डीसी ने इस माह की गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र तथा कंट्रोल्ड एरिया में बिना अनुमति के कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध विकास के लिए अवैध निर्माण रोकना आवश्यक है। अवैध निर्माण कई बार बहुत बड़ा हादसे का कारण भी बनता है। ऐसे में अधिकारी अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई करें।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डा. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

डीसी ने कहा कि पुलिस की सहायता लेने के लिए कम से कम एक सप्ताह पहले पत्राचार करें, ताकि सही समय पर फोर्स उपलब्ध करवाई जा सके।

इस अवसर पर जिला योजनाकार ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानुसार अधिसूचित शहरी क्षेत्र अर्थात अटेली, कनीना व नांगल चौधरी में पिछले छह महीनों के भीतर की गई सभी रजिस्ट्री की प्रतियां जिला नगर योजनाकार को उपलब्ध कराई जाएं, ताकि अधिसूचित शहरी क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जा सके। इस बैठक में कनीना के एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### अवैध कॉलोनी में जमीन न खरीदें नागरिक: डीसी

डीसी डा. विवेक भारती ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में जमीन न खरीदें। ऐसी जगह पर जमीन खरीदने से बचें। कई बार प्रॉपर्टी डीलर अपने हित के लिए लालच देकर नागरिकों की जीवन भर की कमाई ऐसी कॉलोनी में लगवा कर उन्हें धोखा देते हैं। नागरिक किसी के धोखे में न आए।